Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to establish an Indian Institute of Management in Deoria Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- Laid – Laid

श्री रमापति राम त्रिपाठी (**देवरिया**): उत्तर प्रदेश के पूर्वी उत्तर प्रदेश जहाँ की आबादी बहुत घनी है और बड़ी संख्या में वहाँ के छात्र शिक्षा ग्रहण करने विभिन्न प्रदेशो के बड़े शहरों में जाते हैं ।

माननीय प्रधान मंत्री जी के कुशल नेतृत्व के कारण आज लोगों के मन में व्यवसायिक शिक्षा के प्रति आकर्षण बढ़ा है । मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया से बहुत बड़ी संख्या में बच्चे दिल्ली, मुम्बई, गाज़ियाबाद जैसे शहरों में जाने के लिए बाध्य होते है । अभिभावको के आर्थिक तंगी तथा मध्यम वर्ग से होने के कारण यह होनहार बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते ।

अतः मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी से मांग करता हूँ की मेरे संसदीय क्षेत्र मुख्यालय देवरिया में भारतीय प्रबंधन संस्थान आई0आई0एम स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान करें ।